तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **महेश चन्द्र बहेती** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, (तहसीलदार जोधपुर)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353055374188725	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
20/05/25	अपीलार्थी महेश चन्द्र बहेती निवासी वार्ड नंबर 30, हरिओम प्याउ के पास, पंचदेवरियन स्ट्रीट, सराफा बाजार, जोधपुर 342001, सराफा बाजार, जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उनके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में दिनांक 11.04.2025 को सम्पूर्ण कचहरी परिसर जोधपुर क्षैत्र विधि–सम्मत प्रक्रिया सहित किस–अधिनियम, नियम, अध्यादेश द्वारा सम्पूर्ण कचहरी परिसर क्षैत्र जोधपुर मय सुस्पष्ट पहचान सीमाओं एवं माप सहित को राजस्थान हाइकोर्ट एडवोकेटस एसोसियेशन जोधपुर को बेचान, समर्पण, लीज पर सुपुर्द एवं स्वामित्व अधिकार प्रदत्त है तथा राजस्थान हाइकोर्ट एडवोकेटस एसोसियेशन जोधपुर द्वारा वैद्य अथवा अवैध निर्माणों की सम्पूर्ण जानकारी की प्रमाणित छाया प्रतियां उपलब्ध करवाने व अन्य बिन्दुओं से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष (तहसीलदार जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी उपस्थित। रेस्पो. पक्ष (तहसीलदार जोधपुर) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार जोधपुर) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर	

Signature valid

Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2025.05.[illegible]8:21:23 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 15431341